पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
मंडल रेल प्रबंधक (का0)
समस्तीपुर

**अधिसूचना** :–

**सं0 ECR-SPJ0PERS(SELE)/2/2022** **दिनांक 18.01.2024**

**विषयः–** अवर लिपिक, वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन रू 1900) मे $16^2/_3$ % LDCE कोटा के रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने के संबंध में।

*******

समस्तीपुर मंडल में अवर लिपिक, वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन 1900) के $16^2/_3$ % LDCE कोटा के रिक्तयों को वेतन लेवल–1 (ग्रेड वेतन 1800) के कार्यरत कर्मचारियों से चयन के माध्यम से भरे जाने का विनिश्चय किया गया है।

**रिक्ति का विवरण :– कुल– 03 पद (सामान्य–02, अजा–00 एवं अजजा–01)**

**1. विकल्प आमंत्रण हेतु पात्रता की शर्ते :–**

आदेशपाल(समान्य सहायक), जमादार आदेशपाल, गेस्टेटनर आपरेटर, फेरोप्रिन्टर, जेरोक्स आपरेटर, अभिलेखपाल, चौकीदार (सभी विभाग के), सफाईवाला/जमादार सफाईवाला (सिर्फ चिकित्सा विभाग के ) हास्पीटल अटेन्डेन्ट एवं मंडल नियंत्रित स्टोर खलासी जिसका लियन/वरीयता समस्तीपुर में है। RBE No.– 38/2017 दिनांक 21.04.2017 मे के अनुसार आवेदक को Cut off date/ अधिसूचना जारी होने की तिथि को संबंधित वरीयता इकई में न्यूनतम 02 वर्षो की नियमित सेवा (परीवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक) पूरी होनी चाहिए। आकस्मिक/एवजी सेवा को इस हेतु गणना में नहीं ली जायेगी। RBE No.117/2006 के प्रवधान के अनुसार Cut off date/ अधिसूचना जारी होने की तिथि होगी।

नोट :– (क) इसमें लेखा विभाग, सुरक्षा विभाग के वेतन लेवल–1 (ग्रेड वेतन 1800) के कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेगें।

(ख) सिर्फ मूल पदनाम वाले कर्मचारी ही पात्र माने जायेगें, यदि वे अन्य शर्तो को भी पूरा करते हो।

(ग) प्रतिनियुक्ति या अस्थाई व्यवस्था के तहत तैनात कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेगें।

**2. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता** :–

i. निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ इन्टर पास होना अनिवार्य है।

ii. अजा/अजजा, Ex-Servicemen को इंटर में 50 प्रतिशत अंक के साथ पास होने की अनिवार्यता नहीं होगी।

iii. वैसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षणिक योग्यता कट ऑफ तिथि को इंटर से ज्यादा की है, उन्हें भी इंटर में 50 प्रतिशत के साथ पास होने की अनिवार्यता नहीं होगी।

iv. वैसे अभ्यर्थी जिनकी रेल सेवा में नियुक्ति दिनांक 17.12.2014 के पूर्व की है, के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास ही रहेगी।
(प्राधिकार :– RBE No.145/2014 दिनांक 17.12.2014, RBE No.157/2015 दिनांक 15.12.2015 एवं RBE No. 62/2020 दिनांक 31.07.2020)

नोट :– सभी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र के साथ यदि कोई अजा/अजजा अथवा Ex-Servicemen के अभ्यर्थी हो तो उसका स्वअभिप्रमाणीत छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**3. चयन प्रकिया** :–

i. चयन हेतु लिखित परीक्षा का अंक 85 एवं सेवा अभिलेख का अंक 15 निर्धारित होगा। लिखित परीक्षा की समय अवधि–02 घंटो की हागी।

ii. RBE No 196/2018 दिनांक 14.12.2018 के अनुसार सभी प्रश्न वस्तनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होगें। उत्तर पुस्तिका मे ओवर राईटिंग काटना/मिटाना मान्य नहीं होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये $^1/_3$ Negative अंक प्रदान किया जायेगा, जो कुल प्राप्तांक में से घटाया जायेगा।

पृष्ठ 02 पर ................

iii. कुल व्यवसायिक प्रश्नों का 10% प्रश्न राजभाषा से होगा, जिसका उत्तर देना अनिवार्य नहीं होगा।

iv. यह चयन 16²/₃ % LDCE कोटा के अन्तर्गत पूर्णतः प्रतियोगिता के आधार पर होगी एवं नामिका मेरिट के आधार पर तैयार किया जायेगा। इसमें Outstanding Marks का कोई प्रावधान नहीं है।

v. RBE No 71/91 के अनुसार अजा/अजजा कर्मचारियों को Pre-Selection Training सिर्फ संरक्षा कोटि के पद के लिए बाध्य है। चूकि यह पद गैर संरक्षा कोटि का है। अतएव इसमें Pre-selection Training की बाध्यता नहीं है।

**4. <u>पाठ्यक्रम</u>** :– सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होगें जिसमे रेल कर्मचारी के अंग्रेजी भाषा के कार्यासाधक ज्ञान और गणित तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्नों, जो मुख्यतः रेलवे से संबंधित हों और रेल सेवा के दौरान उसके द्वारा किए गए कार्यो से संबंधित होगी।

**5. <u>आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :–</u>** इच्छुक कर्मचारी जो पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करते हों, वे निर्धारित आवेदन प्रपत्र, जो संलग्न है, को पूर्ण रूपेण भरकर, अपने नियंत्रक अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 13.02.2024 तक जमा कर सकते है। सभी संबंधित नियंत्रक अधिकारियों से आग्रह है कि यदि वे अपने यहॉ उनके सेवा अभिलेख अनुरक्षित करते हो तो उनके सेवा अभिलेख से आवेदन पत्र मे दर्ज विवरण का मिलान करते हुए सभी आवेदन को एक साथ इस प्रमाण पत्र के साथ की **"<u>अब कोई आवेदन इस कार्यालय मे शेष नही</u>"** दिनांक 19.02.2024 तक विशेष पत्रवाहक के द्वारा कार्मिक विभाग के पावती एवं प्रेषण अनुभाग मे जमा कराया जाना सुनिश्चत करेगें। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

**6. <u>लिखित परीक्षा की तिथि :–</u>** लिखित परीक्षा की तिथि इस कार्यालय द्वारा अल्प अवधि में परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु सुचित किया जा सकता है। अतएव इच्छुक/पात्र कर्मचारियों से अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही लिखित परीक्षा हेतु तैयारी में जुट जाने की अपेक्षा की जाती है। **यह स्पष्ट किया जाता है की इस चयन में कोई पूरक लिखित परिक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।**

**<u>7.</u>** अवर लिपिक के पद हेतु चयनित होने पर कर्मचारियों को पर्सनल कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण करने मे समर्थ होना अनिवार्य होगा। अवर लिपिक के पद पर पदोन्नति इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से होगी कि प्रोन्नति की तिथि से दो वर्ष के अन्दर संबंधित कर्मचारी को पर्सनल कंप्यूटर पर निर्धारित टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा। यदि अवर लिपिक के पद पर प्रोन्नत कर्मचारी निर्धारित समय सें टंकण जॉच परीक्षा में उत्तीर्ण नही होते है वैसे कर्मचारी के संबंध मे आर0बी0ई सं0 02/2017 दिनांक 16.01.2017, आर0बी0ई सं0 45/2022 दिनांक 07.04.2022, आरबीई 09/2023 दिनांक 11.01.2023 एवं रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार अनुवर्ती कार्यवाही की जाएगी।

**<u>8.</u>** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में इस बात को स्पष्ट करेगें कि वे अजा–अजजा के सदस्य है। (सत्यापित जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

**<u>9.</u>** अन्य स्थानों पर कार्यरत मंद सं0 01 मे वर्णित कोटि के ऐसे कर्मचारी जो वेतन लेवल–1 (ग्रेड पे रू 1800) मे कार्यरत हों तथा जिनका लियन समस्तीपुर मंडल मे निर्धारित है तथा पात्रता की अन्य सभी शर्तो का पूरा करतें हों, वे भी अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से आवेदन दे सकते है।

**<u>10.</u>** पात्र अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के लिए आवश्यक अनुदेश–परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा ब्लैक/ब्लू बॉल पेन का प्रयोग किया जायेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का कदाचार या अन्य अशोभनीय कार्य की अनुमति नही होगी। इस तरह के हरकत करते पकडे जाने पर परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा तथा संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी की जायेगी।

**<u>11.</u>** सभी शाखाअधिकारी से अनुरोध है कि अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे लगाने तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करेगें। निर्धारित समय पर इच्छुक कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण जॉच पड़ताल के बाद प्रमाणित करेगें कि एक, दो, तीन, चार या पॉच आवेदन संलग्न है और कोई आवेदन छुटा/शेष नही है।

पृष्ठ 03 पर ...............

**12.** इस अधिसूचना एवं आवेदन प्रपत्र को पूर्व मध्य रेल/सम0 मंडल के कार्मिक विभाग के वेबसाईट से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

संलग्नक :– (Annexure–A)

Digitally Signed by Trilok Nath Verma
Date: 18-01-2024 19:06:59
Reason: Approved

**(त्रिलोक नाथ वर्मा)**
**सहायक कार्मिक अधिकारी–।।।**
**कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक)**
**समस्तीपुर**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. महाप्रबंधक (कार्मिक)/हाजीपुर को सादर सूचनार्थ।
2. निजी सचिव– मरेप्र/सम0 – मरेप्र महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. गोपनीय आशुलिपिक/अमरेप्र–। एवं ।।– अमरेप्र–। एवं ।। महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. अध्यक्ष,रेलवे भर्ती बोर्ड/मुज0।
5. सभी शाखाधिकारीगण/समस्तीपुर मंडल :–आप सभी से अनुरोध है कि वे अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे लगावे तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करें।
6. मुकाप्र/सम0।
7. वमसाप्र (प्रशा0)/सम0।
8. सकाधि (कार0)/सम0।
9. सभी समइं, संविइं,संसिदूइं समस्तीपुर मंडल।
10. सभी बीट निरीक्षक – कृपया अपने बीट मे आवश्यक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करेगें।
11. मंडल मंत्री–ईसीआरकेयू, समस्तीपुर मंडल।
12. मुकार्याधी/एम0पी0पी0 सेल, कार्यालय में :– कृपया इस अधिसूचना को समस्तीपुर मंडल के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
13. कार्याधी/गोपनीय अनुभाग कार्यालय में।
14. सूचना पट्ट।
15. अभिलेख प्रति।

**Annexure-A**

# आवेदन का प्रारूप

**विषयः–** अवर लिपिक, वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन रू 1900) मे $16^{2}/_{3}$ % LDCE कोटा की रिक्तियों को वेतन लेवल–1 (ग्रेड वेतन रू 1800) में सेवारत कर्मचारियों से सामान्य चयन के माध्यम से भरा जाना।

**संदर्भः–** आपका अधिसूचना सं0– ECR-SPJ0PERS(SELE)/2/2022 दिनांक 18.01.2024

******

संदर्भित अधिसूचना के आलोक मे विषयगत् चयन में सम्मिलित होने हेतु अपना विकल्प देता/देती हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नलिखित है :–

फोटो अभिप्रमाणित

1. कर्मचारी का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. पी0एफ0संख्या/एन.पी.एस.नं0 :–
4. **HRMS ID** :–
5. मोबाईल न0.:–
6. **Email ID** :–
7. पदनाम :–
8. विभाग/कार्यस्थल :–
9. जन्मतिथि :–
10. नियुक्ति तिथि (अस्थाई दर्जा सहित) :–
11. नियमित नियुक्ति तिथि :–
12. वर्तमान ग्रेड पे (मूल पद) :–
13. वेतनमान +ग्रेड पे (एम0ए0सी0पी0 के तहत यदि देय हो) :–
14. पदोन्नति तिथि (यदि कोई हो):–
15. सेवा अवधि ( अधिसूचना निर्गत तिथि को ) :–
16. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रति संलग्न) :–
17. अन्य योग्यता यदि कोई हो (कंप्यूटर सहित) :–
18. समुदाय (अजा–अजजा) यदि हो जो सत्यापित प्रति संलग्न करें :–
19. पुरस्कार/सजा (पिछले तीन वर्षो का विवरण) :–

नोटः– सभी प्रमाण–पत्रों की स्व0 अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर :–

नाम :–

पदनाम :–

कार्यस्थल :–

दिनांक :–

नियंत्रक पर्यवेक्षक/अधिकारी का हस्ताक्षर
कार्यालय मोहर सहित हस्ताक्षर

Digitally Signed by Trilok Nath Verma
Date: 18-01-2024 19:07:40
Reason: Approved